# सेंट फ्रांसिस हायर सेकेंडरी स्कूल, अमेरी रोड, बिलासपुर (छ.ग.)
# नए दाखिले हेतु नियमावली
## सत्र 2025–2026
## प्री नर्सरी एवं नर्सरी

1.सेंट फ्रांसिस उच्चतर माध्यमिक शाला, अमेरी रोड, बिलासपुर (छ.ग.) में सत्र 2025–2026 के लिए प्री–नर्सरी एवं नर्सरी में दाखिला हेतु पंजीयन प्रक्रिया दिनांक 01–12–2024 (समय 8.00 प्रातः) से प्रारम्भ हो रही है, जो कि केवल ऑनलाइन सिस्टम द्वारा संपादित होगी । विद्यार्थियों का चयन विशेष अंक प्रणाली के अंतर्गत होगा, जो कि विद्यार्थी द्वारा उसकी स्थिति अनुसार अर्जित अंको को प्रदर्शित करेगा। जिसकी तालिका निम्नलिखित है ।

| कंडिका | अंक |
|---|---|
| ईसाई अल्पसंख्यक श्रेणी | 40 |
| सहोदर (यदि विद्यार्थी के सगे भाई अथवा बहन इसी शाला में वर्तमान में अध्ययनरत हो) | 30 |
| एकल अभिभावक (यदि विद्यार्थी के माता/पिता, विधवा/विधुर हों) | 10 |
| पूर्व छात्र (यदि विद्यार्थी के माता अथवा पिता इसी शाला से कक्षा १२वीं उत्तीर्ण हो) | 10 |
| निकटवर्ती आवास (केवल यदि वर्तमान निवास शाला के 1 कि.मी. के दायरे में हो) | 10 |
| (एक समान अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को चयन प्रक्रिया में अधिक उम्र होने पर वरीयता दी जावेगी।) | |

2.प्रवेश अनुसूची

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ | – 01.12.2024 (शनिवार) प्रातः 8.00 बजे |
| ऑनलाइन पंजीकरण का बंद होना | – 02.01.2025 (गुरूवार) रात्रि 11:59 बजे |
| सहायक दस्तावेजों के साथ हार्ड कॉपी जमा करना (समय 8.00 प्रातः – 01.00 अपरान्ह) | – 01.12.2024 से 04.01.2025 |
| हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि | – 04.01.2025 (शनिवार) |
| परिणाम की तिथि | – 11.01.2025 (शनिवार) |

3.प्रवेश हेतु उम्र (विद्यार्थी की जन्मतिथि निम्नलिखित दिनांकों के मध्य हो)

**कक्षा–प्री–नर्सरी : 28–12–2021 और 31–03–2023 के बीच जन्मे बालक एवं बालिका**

**कक्षा–नर्सरी : 28–12–2020 और 31–03–2022 के बीच जन्मे बालक एवं बालिका**

4. पंजीयन हेतु कुल सीट उपलब्धता :

कक्षा प्री–नर्सरी हेतु : 180 सीट उपलब्ध

कक्षा नर्सरी हेतु : 120 सीट उपलब्ध

5. ऑनलाइन पंजीयन फॉर्म दिनांक 01–12–2024 से दिनांक 02–01–2025 तक उपलब्ध रहेगी।

7. प्री–नर्सरी/नर्सरी में प्रवेश पंजीकरण हेतु अभिभावक ऑनलाइन लॉगिन करें : www.sfsbcampuscare.in

8. पंजीयन हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवश्यक जानकारियाँ पूर्णतः भरें। इसी दौरान विद्यार्थी, माता तथा पिता की पासपोर्ट साइज कलर फोटो स्केन करके अपलोड़ करें। विद्यार्थी का जन्म प्रमाण पत्र भी अपलोड करें। कृपया ध्यान दें कि यदि विद्यार्थी की जन्मतिथि इच्छित कक्षा हेतु वर्णित आवश्यक आयु

सीमा के अंतर्गत नहीं होगी तो फॉर्म स्वीकार नहीं होगा । कंडिका अनुसार अगर किसी श्रेणी का चयन किया गया है तो चयनित श्रेणी के आवश्यक दस्तावेज भी अपलोड करें । अभिभावक अपना मोबाइल नंबर भी फॉर्म में उल्लेखित करें जिसका उपयोग अभ्यर्थी संबंधी जानकारी **एसएमएस (SMS)/Whatsapp** द्वारा प्रेषित करने हेतु किया जाएगा.

**नोट :– अनिवार्य अपलोड : (फाइल का आकार 20 के.बी. से अधिक नहीं होना चाहिए)। जन्म प्रमाण पत्र स्कैन की गई प्रतिलिपि के साथ बच्चे, पिता और माता की तस्वीर अपलोड किए बिना, पंजीकरण फॉर्म जमा नहीं किया जा सकता है ।**

9. अभ्यर्थी को पंजीयन हेतु शुल्क (रु 200/– + बैंक सेवा शुल्क) देय होगा जो कि ऑनलाइन प्रक्रिया (डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग/UPI आदि) द्ववारा किया जाना है ।

10. ऑनलाइन पंजीयन फॉर्म में सभी प्रविष्टी कर लेने एवं पंजीयन शुल्क का भुगतान करने के पश्चात् पंजीयन फॉर्म एवं आवेदन की पावती का प्रिंट आउट निकाले । उसके पश्चात् फॉर्म के प्रिंटआउट के साथ निम्नलिखित दस्तावेज (जो लागू हों) के साथ दिनांक **01 दिसंबर 2024 से दिनांक 04 जनवरी 2025 (समय – 08:00 बजे सुबह से 01:00 बजे दोपहर तक) शाला कार्यालय के पास रखे गए ड्राप बॉक्स में डालना सुनिश्चित करें ।**

**आवश्यक दस्तावेजों की सूची : प्रत्येक आवेदन के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करें ।**

1. जन्म प्रमाण पत्र (छाया प्रति) नगर पालिक निगम/नगरीय निकाय/ग्राम पंचायत द्वारा प्रदत्त

**वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची : प्रत्येक आवेदन के साथ तभी संलग्न करें यदि अभ्यर्थी उस श्रेणी का लाभ लेने हेतु पंजीयन फॉर्म में प्रविष्टी की है :–**

2. ईसाई अल्पसंख्यक प्रमाणीकरण (पेरिश प्रीस्ट/पास्टर/चर्च इंचार्ज द्वारा प्रमाणीकरण कि अभ्यर्थी के अभिभावक उक्त चर्च के नियमित सदस्य हैं यदि ईसाई अल्पसंख्यक श्रेणी में आते है।)
3. संस्था में अध्ययनरत सगे भाई /बहन की अंकसूची/पहचान पत्र (ID Card) / Gate Pass की छाया प्रति (यदि अभ्यर्थी के सगे भाई/बहन इस सत्र में शाला में अध्ययनरत हो।)
4. कक्षा 12वीं पास का प्रमाण पत्र (यदि माता/पिता/दोनों अभिभावक इस शाला से कक्षा 12वीं उत्तीर्ण हुए हो तो।)
5. पति/पत्नी का मृत्यु प्रमाण पत्र (सिर्फ एकल अभिभावक श्रेणी के लिए)

**(कृपया ध्यान रखें कि पंजीयन फॉर्म की हार्ड कॉपी प्रिंटआउट के साथ उपर्युक्त दस्तावेज जमा नहीं किये जाते हैं अथवा पंजीयन फॉर्म में उल्लेखित तथ्य उनके दस्तावेजों से अलग अथवा गलत पायें जाते हैं तो अभ्यर्थी का पंजीयन निरस्त कर दिया जाएगा तथा इस स्थिति का पूर्ण उत्तरदायित्व उक्त अभ्यर्थी के अभिभावक का होगा ।)**

11. ऑनलाइन पंजीयन एवं प्रिंटआउट जमा करने के बाद समस्त आवेदनों एवं संलग्न दस्तावेजों का परीक्षण करने के उपरांत दिनांक 11 जनवरी 2025, दिन शनिवार को प्राप्त अंको के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की जायेगी । चयन सूची अंको के घटते क्रम (अधिकतम अंक से न्यूनतम अंक) में प्रदर्शित की जायेगी । छात्रों के अंकों के बराबर होने की स्थिति में आयु मे सबसे बड़े छात्र को योग्यता क्रम में वरीयता दी जाएगी ।

12. चयनित अभ्यर्थियों की सूची शाला की वेबसाइट **www.stfrancisbilaspur.in** एवं शाला के सूचना पटल पर दिनांक 11.01.2025 से उपलब्ध रहेगी । चयनित अभ्यर्थियो को **एसएमएस (SMS) /Whatsapp**

22/11/24

के द्वारा प्राचार्या/उप–प्राचार्या से आपसी परिचर्चा हेतु दिनांक एवं समय संबंधी जानकारी प्रेषित की जायेगी । उक्त **एसएमएस (SMS) /Whatsapp** द्वारा सूचित दिवस पर अभिभावकों को सम्बंधित छात्र/छात्रा के साथ समय पर शाला में उपस्थित होना अनिवार्य है अन्यथा सीट आवंटन निरस्त माना जाएगा एवं वरीयता क्रम के अगले अभ्यर्थी को सीट आवंटित कर दी जावेगी ।

13. चयनित अभ्यर्थियों को **एसएमएस (SMS) /Whatsapp** द्वारा सूचित दिवस पर प्राचार्या / उप–प्राचार्या से आपसी परिचर्चा उपरांत प्रवेश संबंधी प्रक्रिया को उसी दिवस में संपन्न कराना होगा अन्यथा सीट आवंटन निरस्त माना जाएगा एवं वरीयता क्रम के अगले अभ्यर्थी को सीट आवंटित कर दी जावेगी।

प्रवेश प्रक्रिया हेतु आवश्यकताएँः

1. विद्यार्थी का पासपोर्ट आकार का नवीनतम फोटो – 1
2. विद्यार्थी के जन्म प्रमाण पत्र की छाया प्रति
3. शाला शुल्क की प्रथम किश्त की राशि (चेक/ड्राफ्ट/कार्ड/UPI के माध्यम से)

14. चयनित अभ्यर्थियों को प्राचार्या/उप–प्राचार्या से आपसी परिचर्चा उपरांत प्रवेश फॉर्म लेना होगा जिसका शुल्क रु 300/– नकद अलग से देय होगा । प्रवेश फॉर्म को पूर्ण रूप से साफ शब्दों में प्रविष्टी करने एवं फोटो यथेष्ट स्थान पर लगाने के उपरांत, जन्म प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न कर निर्दिष्ट काउंटर पर जमा करें एवं फीस रसीद बुक प्राप्त करे । उसके उपरांत फीस काउंटर पर फीस का भुगतान कर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करें । (प्रवेश फॉर्म शाला से बाहर ले जाना मना हैं)

**नोटः केवल पंजीयन कराना ही विद्यार्थी के लिए दाखिला पाना सुनिश्चित नहीं करता । अभिभावकों से निवेदन है कि पंजीयन करने से पूर्व वे नियमावली का पूर्ण रूप से अवलोकन कर लें एवं इन नियमो से पूर्ण रूप से अवगत होने पर ही पंजीयन प्रक्रिया को पूर्ण करें ।**

28/11/24